देश के लिए... अव्यवस्था के खिलाफ... ™

जवाब दो!!! सरकार
www.jawabdosarkar.com
देश का पहला जवाबदेही पोर्टल

# JAWAB DO SARKAR

www.jawabdosarkar.com

(A Digital Media Initiative to promote Accountability)

वॉल्यूम न.– 2021/vg/13 | E-Newsletter, Issued in Public Interest | गुरुवार, 11 नवम्बर 2021

# क्यूंकि चौकीदार ही चोर है!!!

## तथाकथित प्राईवेट संस्था होने का दावा करने वाली राजस्थान संवाद का नया कारनामा!!!

## एक फ़र्म विशेष को लाभ पहुचाने के लिए किया जा रहा पद का दुरुपयोग!!!

विशेष रिपोर्ट-13

# 50 करोड़ के टेंडर मे करवाई गयी कृष्णा प्रिंटर की बेकडोर से एंट्री!!!

## टेक्निकल बीड मे अयोग्य कृष्णा प्रिंटर को बना दिया योग्य!!!



*भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19(1)(a) के तहत प्रकाशन एवं समस्त प्रकाशन IT Act 2000 के तहत उत्तरदायी सर्वाधिकार@www.jawabdosarkar.com

## क्या है पूरा मामला?




दिनांक 27/08/2021 को राजस्थान सरकार के उपक्रम राजस्थान संवाद द्वारा आरटीपीपी एक्ट 2012 के प्रावधानों के तहत राजस्थान संवाद मे पेपर प्रिंटिंग के कार्य हेतु ऑफसेट प्रिंटर नियुक्त करने हेतु 50 करोड़ लागत की एक निविदा आमंत्रित की|

इस निविदा की शर्तों के अनुसार निविदा मे भाग लेने वाली फ़र्मों के पास जयपुर नगर निगम क्षेत्र मे ही न्यूनतम 3 मल्टीकलर ऑफसेट चालू हालत मे होनी चाहिए थी साथ ही समान कार्य करने का 2 करोड़ का सिंगल ऑर्डर या 1-1 करोड़ के 2 ऑर्डर का अनुभव होना चाहिए था|इस निविदा हेतु बीड दाखिल करने की अंतिम तिथि 20/09/2021 थी|

इस निविदा हेतु 6 फ़र्मों, जिनमे *1. पोपुलर प्रिंटर,जयपुर 2. कृष्णा प्रिंटर,जयपुर 3. रेनबो प्रिंटर,जयपुर 4. प्रिमियर प्रिन्टर,जयपुर 5. अमर उजाला प्रिन्टर,नयी दिल्ली 6. प्रिंट ओ लेंड प्रिन्टर,जयपुर* द्वारा भाग लिया गया|

दिनांक 13/10/2021 को इस टेंडर की टेक्निकल बीड खोली गयी जिसके अनुसार चार फ़र्मों *1.रेनबो प्रिंटर,जयपुर 2..प्रिमियर प्रिन्टर,जयपुर 3. अमर उजाला प्रिन्टर,नयी दिल्ली 4. प्रिंट ओ लेंड प्रिन्टर,जयपुर* को तकनीकी रूप से इस निविदा हेतु योग्य माना गया|

## आरटीपीपी एक्ट के प्रावधानों के विपरीत तकनीकी रूप से अयोग्य कृष्णा प्रिंटर को कर दिया गया योग्य?

आपको जानकर आश्चर्य होगा कि इस टेंडर के तकनीकी रूप से अयोग्य कृष्णा प्रिंटर को बेकडोर से योग्य करार देकर उपकृत करने की पुरजोर सुनियोजित साजिश की जा रही है इस सुनियोजित साजिश के तहत कृष्णा प्रिंटर को योग्य करार देने के लिए कई प्रयास किए गए जिनका खुलासा निम्न है:-

## 1. कृष्णा प्रिन्टर द्वारा निविदा दाखिल करने की अंतिम तिथि से मात्र एक दिन पहले खरीदी गयी एक मल्टी कलर ऑफसेट|

सूत्रो के अनुसार कृष्णा प्रिन्टर के पास पूर्व मे मात्र 2 कलर ऑफसेट ही थी,जिसके कारण वह मुख्य रूप से तकनीकी रूप से अयोग्य सिद्ध हो रही थी,इस शर्त को पूरा करने के लिए कृष्णा प्रिंटर द्वारा इस निविदा को दाखिल करने की अंतिम तिथि से मात्र एक दिन पूर्व यानि की दिनांक 19/09/2021 को एक अन्य मल्टी कलर ऑफसेट की खरीद की गयी|चूंकि निविदा की शर्त के अनुसार निविदा के समय तक सभी तीनों मल्टी कलर ऑफसेट चालू हालत मे होनी चाहिए थी,इसके लिए करीब सवा महीने बाद यानि की दिनांक 3/11/2021 को इस ऑफसेट का निरीक्षण कर इसे तकनीकी रूप से योग्य करार दिया गया|

## 2. सात वर्क ऑर्डर को कैसे माना गया सिंगल ऑर्डर?

सूत्रों के अनुसार चालू वित्त वर्ष मे निदेशालय,समेकित बाल विकास सेवाएँ,राजस्थान सरकार द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रो पर संधारित किए जाने वाले 11 प्रकार के रजिस्टरों के मुद्रण कार्य का ठेका राजस्थान राज्य सहकारी मुद्रणालय को सौंपा गया था|राजस्थान राज्य सहकारी मुद्रणालय द्वारा इस कार्य हेतु 7 वर्क ऑर्डर कृष्णा प्रिन्टर को जारी किए गए थे,जिसे कृष्णा प्रिन्टर द्वारा सिंगल वर्क ऑर्डर बता कर अपने आपको योग्य सिद्ध किया गया है|

## 3. अधूरे वर्क ऑर्डर को कैसे माना गया पूर्ण ऑर्डर?संबन्धित विभाग से तहक़ीक़ात क्यूँ नहीं?

दीगर बात यह है कि इस कार्य को अति आवश्यक बताते हुए राजस्थान राज्य सहकारी मुद्रणालय द्वारा कृष्णा प्रिंटर को यह पूरा काम सौंप दिया गया जिसके पास उक्त निविदा की शर्तों के अनुसार इस कार्य को करने के समुचित संसाधन ही उपलब्ध नहीं है,जिसके चलते यह प्रिंटर इस कार्य को सबलेट के आधार पर पूरा करवाने का प्रयास कर रहा है|सबसे बड़ी बात यह है कि अभी तक यह कार्य पूरा भी नहीं हुआ है और इस प्रिन्टर को इस ठेके का वर्क ऑर्डर सर्टिफिकेट जारी कर दिया गया है,जिसका उपयोग वह राजस्थान संवाद द्वारा जारी इस टेंडर को लेने के लिए कर रहा है|सबसे बड़ा सवाल यह है कि राजस्थान संवाद द्वारा कृष्णा प्रिन्टर को जारी तथाकथित इस वर्क ऑर्डर की कोई जांच नहीं की गयी|इस पूरे खेल से अंदाजा लगाया जा सकता है कि सरकारी तंत्र मे पूरे कुएं मे ही भांग घुली हुई है|

## 4. 19/09/2021 को ऑफसेट खरीद का बिल,फिर नोटरी एक दिन पहले अर्थात 18/09/2021 की कैसे?

सूत्रों के अनुसार कृष्णा प्रिंटर द्वारा अपनी एक मल्टी कलर ऑफसेट की खरीद 19/09/2021 को बताई गयी है|जबकि निविदा की शर्तों के अनुसार प्रस्तुत किए गए 100 रुपए के शपथ पत्र जिस पर इस मल्टी कलर ऑफसेट के होने का हवाला दिया गया है,पर नोटरी द्वारा दिनांक 18/09/2021 को ही सत्यापित कर दिया गया है|

## 5. समान परिस्थितियों मे अंतिम फर्म पोपुलर प्रिन्टर को बाहर क्यूँ किया गया?

सूत्रों के अनुसार इस निविदा हेतु 6 फ़र्मों मे से जिन 2 फ़र्मों को अयोग्य किया गया था उनमे कृष्णा प्रिन्टर के साथ राजस्थान संवाद से कई सालों से जुड़ी एक अन्य फर्म पोपुलर प्रिन्टर भी है|जिसे भी उनही कारणों से अयोग्य ठहराया गया जिन कारणों के कारण कृष्णा प्रिन्टर को अयोग्य ठहराया गया था|ऐसे मे सवाल उठता है कि आखिर क्यूँ पोपुलर प्रिन्टर को अयोग्य करार देकर टेंडर से बाहर कर दिया गया और कृष्णा प्रिन्टर को बेकडोर से एंट्री दे दी गयी?

## 6. अमर उजाला को कैसे तकनीकी रूप से योग्य माना गया जबकि उसकी नगर निगम क्षेत्र मे कोई भी ऑफसेट चालू हालत मे नहीं है?

जैसे की टेंडर की शर्तों मे वर्णित है कि बोलीदाता की समस्त 3 ऑफसेट मशीन नगर निगम जयपुर परिसीमन क्षेत्र मे चालू हालत मे होनी चाहिए जबकि अमर उजाला की सभी ऑफसेट मशीन नयी दिल्ली मे स्थित है|ऐसे मे तकनीकी रूप से अमर उजाला को योग्य करार देकर प्रैस का निरीक्षण करना आपसी मिलीभगत को दर्शाता है|

*(NIB for Publication on State Public Procurement Portal)*

**Government of Rajasthan**
**MANAGING DIRECTOR, RAJASTHAN SAMWAD**
**Secretariat, Jaipur-302005**
**(Telephone & Fax No. 0141-2227057, email id: rajasthansamwad2002@gmail.com)**

## INVITATION OF BIDS FOR THE WORK OF PAPER PRINTING (SHORT TERM TENDER)

NIB No....593..................Date...27/8/2021

1. Two-Envelope (unconditional Technical and Financial)bids are invited electronically by MANAGING DIRECTOR, RAJASTHAN SAMWAD for RATE CONTRACT of Offset Printerfor THE WORK OF PAPER PRINTING.Brief particulars of the procurement are given below:

| Approximate value of Services | Amount of Bid Earnest Money | Period of the Assignment | Validity period of Bids | Processing fee for e-procurement | Price of Bidding Document | Last time and date of receiving e-Bids |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Rs.50 Cr. | Rs.1.00 Cr. | 1 Year | 90 Days | Rs.1,000 | Rs.1,000 | Up to 6.00 PM on dated 20/9/21 |

2. The complete Bidding Document containing Instructions to Bidders and Bid Data, Evaluation and Qualification Criteria, Specifications, Bidding forms, General Conditions of Contract, Special Conditions of Contract, Contract Forms, etc. may be seen at or downloaded from the website of State Public Procurement Portal http://sppp.rajasthan.gov.inor e-procurement portalhttp://eproc.rajasthan.gov.in

3. Technical and Financial Bids, duly digitally signed by the bidder on all pages and serially numbered, enclosed in separate two covers, and a third cover containing scanned copies of documents of payment of price of Bidding Document, electronic bid processing fee (both being non-refundable) and Bid Security must be submitted electronically to the MANAGING DIRECTOR, RAJASTHAN SAMWAD on the e-procurement portal http://eproc.rajasthan.gov.in by using your ID, password and digital signature certificate, latest upto 6.00 PM on dated 20-09-2021

4. The instruments of payment of price of Rupees 1000 of the Bidding Document must be in the form of two separate bank demand draft/s banker's cheques of a Scheduled Bank in India drawn in the name of Managing Director, Rajasthan Samwadand the amount of bid security One Crore. The electronic bid processing fee of Rupees 1000must be paid by another separate bank demand draft/ banker's cheque of a Scheduled Bank in India drawn in the name of Managing Director, RISL payable at Jaipur. All these three original instruments of payment must be submitted physically in a sealed cover by the Bidder to the Managing Director, Rajasthan Samwad, office of Director, Department of Information and Public

5 22

## Section II: Evaluation and Qualification Criteria

### A. Qualification Criteria

I. The Bidder must be a registered entity in India as a proprietorship/ partnership firm or a private limited or a public limited company under the Indian Companies Act.The Bidder must have aregistered office and Printing Press in Jaipur Municipal Area and a client servicing team based at Jaipur.

II. The Bidder must not have been debarred by the State Government orMANAGING DIRECTOR, RAJASTHAN SAMWAD or blacklisted by any other procuring entity.

III. The Bidder must be in the field of THE WORK OF Offset Paper Printing for atleast last three years. The Bidder have a single order of 2 crore or two order of 1-1 crore in a single year of, any last three years for the State Government Departments/ State Public Sector Enterprises/ Government Societiesof Rajasthan.

IV. The Bidder must have an average annual turnover of at least Rupees 15 Crore in last three financial years having 5 crore in a single years, i.e. years 2017-18, 2018-19, 2019-20 (2020-21 if audited accounts are avilable).Copies of audited accounts and a certificate of the statutory auditors of the organization to this effect will have to be attached with the Bid.

V. The Bidder must have a dedicated team of technical experienced personnel required for providing the Services as follows:

| S. No. | DESCRIPTIN | Numbers Required |
|---|---|---|
| 1. | Graphic Designer | 3 |
| 2. | Computer Operator | 2 |
| 3. | Staff on Offset Machines | 10 |
| 4. | Proof Readers (Having knowledge of both Hindi and English Language) | 2 |
| 5. | Staff for Binding of material | 6 |
| 6. | Technical staff for Pasting, Planning and Plate Making | 2 |
| 7. | Institutional Foreman | 1 |

**(Submit Declaration on letter Head of the Firm for the above staff)**

VI.- The Bidder must have aPrinting Press situated in Municipal boundary of Jaipur Nagar Nigam having atleast following machinery and equipment owned by him(The proof of ownership of the machinery in the form of purchase bills must be attached with the Technical Bid) :-

**निविदा की शर्ते जिनका उल्लंघन किया गया|**

1. Four colour offset printing machine- 3 numbers, having sizes 18"x23" OR above.
2. Single colour offset machine – 1 number having size of 18"x23" OR above. (This is in addition to serial no. 1).
3. Automatic Plate Processor- 1 Number.
4. Digital Coloured Laser Printer – 1 Number.
5. D.T.P. Computer with coloured monitors connected with high speed internet facility– 5 Numbers.
6. Scanner – 1 Number.
7. Stitching Machine – 2 Number.
8. Folding Machine – 1 Number.
9. Perfect Glue Binding machine – 1 Number.
10. Lamination Machine – 1 Number.

VII. Hard copies of coloured printed publication (At least 5 Samples) bearing press line of the bidder should be submitted in Office of Managing Director, Rajasthan Samwad on the date and time of opening of Technical Bids between 10AM to 12 Noon alongwith physical submission of instruments of price of Bidding Document, Processing Fee for e-procurement and Bid Security.

VIII. A committee of officers of MANAGING DIRECTOR, RAJASTHAN SAMWADwill visit the premises of office of the Bidder to confirm the availability of the stated machinery and equipment, personnel and other facilities with the Bidder and printing capacity, efficiency and quality of the material and printing work done by him. The Bidder must provide in his Bid the complete address of the premises of his office and workshop where inspection will be done. The name and contactnumbers of a responsible person be also given who may be contacted for the visit along with address of the factory where the machines are installed.

IX. If benefits of being an MSME are claimed by the Bidder then copy of certificate issued by authorized officer of the Department of Industries of Rajasthan valid for claiming such benefit must be attached with the Bid.

X. The Bidder must be registered for Goods and Service Tax.


XI. The Bidder must have PAN number issued by Income Tax Department.

Firm Should Attached P.F. Registraion copy must

## B. Evaluation Criteria

The Financial Bids of only those Bidders will be opened who qualify in evaluation of their Technical Bids. The successful Bidder will be one who fully agrees to comply with all the terms and conditions of this Bidding Document without any omission, deviation and reservation and who fulfils all qualification criteria in evaluation of Technical Bids including capacity and efficiency of printing and other machinery owned by him.

**निविदा की शर्ते जिनका उल्लंघन किया गया|**



**राजस्थान राज्य सहकारी मुद्रणालय लि.**

जी-1/138, मालवीय औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर-302 017

[illegible]/राजसमु/प्रशा/2020-21/ 3680 दिनांक

~~निदेशक~~/~~सचिव~~

[illegible] समेकित बाल विकास सेवाएं

जयपुर

विषय : संस्था के मुद्रित सामग्री बिल

प्रसंग : आपका पत्रांक 46836 दिनांक 16.3.21 के संदर्भ में।

| क्र. सं. | वर्क ऑर्डर नं. | ~~बिल नं.~~/ सप्लीमेंट नं. | दिनांक | विवरण | राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1854 | 559 | 7.5.21 | Register No- 1 | 18214338.00 |
| 2. | 1855 | 560 | -"- | -"- 2&3 | 11940630.00 |
| 3. | 1856 | 561 | -"- | -"- 4 | 6432901.00 |
| 4. | 1857 | 562 | -"- | -"- 5 To 7 | 6432901.00 |
| 5. | 1858 | 563 | -"- | -"- 8,89 | 6432901.00 |
| 6. | 1859 | 564 | -"- | -"- 10 n | 6432901.00 |
| 7. | 186[illegible] | 565 | -"- | -"- 11 | 6432901.00 |
| | | | | Total | 62319473.00 |

अतः निवेदन है कि उक्त बिलों का भुगतान 62319473 (अक्षरे रु. [illegible]) अविलम्ब भिजवाने की कृपा करें।

भवदीय

प्रबन्ध निदेशक/महाप्रबन्धक

1. [illegible]/सप्लीमेंट नं. 7 दो प्रतियों में

2. स्टोर नं.

राजस्थान राज्य सहकारी मुद्रणालय द्वारा समेकित बाल विकास संस्थाएं को जारी किए गए 7 वर्क ऑर्डर,जिन्हे कृष्णा प्रिन्टर को पूर्ण करने के लिए दिये गए थे|

## जवाब मांगते सवाल?

1. दिनांक 13/10/2021 को जब इस टेंडर की टेक्निकल बीड खोली गयी उसमे चार फ़र्मों *1.रेनबो प्रिंटर,जयपुर 2..प्रिमियर प्रिन्टर,जयपुर 3. अमर उजाला प्रिन्टर,नयी दिल्ली 4. प्रिंट ओ लेंड प्रिन्टर,जयपुर* को तकनीकी रूप से इस निविदा हेतु योग्य माना गया था ,उसके बाद ऐसा क्या हुआ कि राजस्थान संवाद के प्रबंध निदेशक द्वारा कृष्णा प्रिन्टर को इसी निविदा के लिए योग्य करार दे दिया गया?
2. राजस्थान संवाद के कार्यकारी निदेशक(वित्त) द्वारा जारी कार्यादेश 770-75 के जरिये भौतिक सत्यापन हेतु गठित टीम को निविदा हेतु चयनित 4 फ़र्मों का भौतिक निरीक्षण करने एवं 14/10/2021 तक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेश दिये गए थे उसके बावजूद दिनांक 03/11/2021 को इस निविदा मे अयोग्य करार दी गयी कृष्णा प्रिन्टर का निरीक्षण क्यूँ करवाया गया?
3. कृष्णा प्रिन्टर द्वारा 2 करोड़ का सिंगल कार्यादेश प्रस्तुत किया गया है वह एक कार्य के लिए जारी किया गया है या फिर 7 कार्यों के लिए?
4. क्या कृष्णा प्रिन्टर द्वारा राजस्थान राज्य सहकारी मुद्रणालय द्वारा जारी वर्क ऑर्डर का कार्य पूर्ण कर कार्य अनुभव जारी करवा लिया गया है या उक्त कार्य अभी भी लंबित है?यदि लंबित है तो क्या इसे कार्य अनुभव मान लिया जाएगा?
5. कृष्णा प्रिन्टर द्वारा राजस्थान राज्य सहकारी मुद्रणालय से टेंडर हासिल करने के लिए क्या-क्या गड़बड़झाले किए गए?
6. आखिर राजस्थान संवाद ने राजस्थान राज्य सहकारी मुद्रणालय द्वारा जारी तथाकथित इस वर्क ऑर्डर की जांच क्यूँ नहीं करवाई?
7. 19/09/2021 को ऑफसेट खरीद का बिल,फिर नोटरी एक दिन पहले अर्थात 18/09/2021 की कैसे करवायी गयी?
8. समान परिस्थितियों मे अंतिम फर्म पोपुलर प्रिन्टर को बाहर क्यूँ किया गया?आखिर पोपुलर प्रिन्टर के साथ भेदभाव क्यूँ?
9. अमर उजाला को कैसे तकनीकी रूप से योग्य माना गया जबकि उसकी नगर निगम क्षेत्र मे कोई भी ऑफसेट चालू हालत मे नहीं है?
10. यह मामला आरटीपीपी एक्ट 2012 के प्रावधानों के विपरीत माना जाएगा या फिर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1982 के तहत पद का दुरुपयोग कर व्यक्ति विशेष को लाभ पहुचाने का?
11. क्या यह सारा खेल राजस्थान संवाद के प्रबंध निदेशक के निजी संज्ञान मे है या फिर उनके पीठ पीछे यह सारा खेल खेला जा रहा है?
12. राजस्थान संवाद के वर्तमान वित्तीय सलाहकार की इस खेल मे क्या भूमिका है?
13. कृष्णा प्रिन्टर द्वारा और किन किन विभागों मे साँठ गांठ कर करोड़ो के टेंडर हासिल किए गए है?
14. टेंडरों की इस बंदरबाँट मे राजस्थान संवाद सहित और किन किन विभागों के अधिकारी शामिल है?
15. यह मामला उजागर होने के बाद क्या राजस्थान संवाद के प्रबंध निदेशक कृष्णा प्रिन्टर को बाहर का रास्ता दिखाएंगे?
16. क्या एक जिम्मेदार अधिकारी होने के नाते राजस्थान संवाद के प्रबंध निदेशक इस मामले की निष्पक्ष जांच करवाएँगे?